NT>

Tilte: Need to increase duty on import of cotton.

श्री अनंत गुढे (अमरावती) : सभापति महोदय, महाराट्र एवं मध्य प्रदेश कपास की खेती के लिए मशहूर हैं। यहां कपास की फसल काफी अच्छी मात्रा में होती है। इसके बावजूद यहां के किसानों की स्थिति ठीक नहीं है।

महाराट्र में एकाधिकार योजना के अंतर्गत पिछले वर्ा तक किसानों को 2100 रुपये प्रति क्विंटल की दर से प्राप्त होती थी. इस वर्ा इस दर को घटाकर 1400 रुपये प्र ाति क्विंटल कर दिया गया है। इस वजह से बाजार में मंदी छा गई है। इस मंदी का विशो कारण यह भी है कि हमारे देश में दूसरे देशों से कपास काफी बड़ी मात्रा में आयात हो रहा है। इस कपास के आयात पर सिर्फ 5 प्रतिशत आयात कर है। इस आयात की वजह से हमारे किसानों की दशा खराब हो रही है।

अत: मेरा केन्द्र सरकार से निवेदन है कि कपास के आयात पर आयात कर को 5 प्रतिशत से बढ़ाकर 25 प्रतिशत कर दिया जाए ताकि यहां के कपास के किसानों को अच्छा मार्केट उपलब्ध हो सके।